# 'केंद्र व प्रदेश सरकार ने लघु उद्योगों को बनाया आत्मनिर्भर'

**लघु उद्योग भारती का उद्यमी सम्मेलन सम्पन्न, सीएम ने छोटे स्तर पर कार्य करने वाले उद्यमियों को समृद्ध करने का किया प्रयास**



उद्यमी सम्मेलन व कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम में जिलों से आए उद्यमियों का सम्मान किया गया • स्वयं

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** लघु उद्योग भारती अवध प्रांत का उद्यमी सम्मेलन व कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार में लघु उद्योगों को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर भारत बनाने का काम किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना को मूर्त रूप देकर लघु उद्योग विशेष कर अत्यंत छोटे स्तर पर कार्य करने वाले उद्यमी भाइयों को समृद्ध करने का प्रयास किया है।

राणा प्रताप मार्ग स्थित होटल सिलवेट में आयोजित सम्मेलन में बिजली, जीएसटी व्यापार कर, प्रदूषण, एनजीटी लघु उद्योगों की समस्याओं को उठाया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान ने कहा कि उद्योग को यदि ईमानदारी से शुरू किया जाए तो उसे उन्नत होने से कोई नहीं रोक सकता। सम्मेलन में प्रांत संघ चालक कृष्ण मोहन ने भी लोगों का मार्ग दर्शन किया। प्रदेश महामंत्री भरत ने कहा कि लघु उद्योग भारती प्रदेश के 75 जिलों में 70 जिला इकाइयां काम कर रहीं हैं। इनमें 5,090 सक्रिय सदस्य काम कर रहे है। सम्मेलन में अवध प्रांत की अध्यक्ष रीता मित्तल ने कहा कि उद्योगों को नीलाम करने जैसी समस्याएं जो आ रही हैं उससे जल्द ही मंत्रियों को अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के कैलेंडर का लोकार्पण हुआ और जिलों से आए उद्यमियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में अवध प्रांत के महामंत्री राम प्रकाश गुप्ता, अवध प्रांत के जिलाध्यक्षों, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार गर्ग, मनोज कुमार गुप्ता, अरुण भाटिया, सुमित मित्तल सहित सैकड़ों उद्यमियों ने भाग लिया।